पंजाब केसरी 15/02/2026

मेधावी छात्र पुनीत का कम्पनी में चयन

अम्बाला, 14 फरवरी (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के एम.बी.ए. के मेधावी छात्र पुनीत का चयन देश की प्रतिष्ठित कम्पनी में 7.08 लाख प्रतिवर्ष के आकर्षक पैकेज़ पर हुआ।

कॉलेज के प्रशिक्षण एवं प्लेसमैंट सैल द्वारा आयोजित व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम, औद्योगिक संवाद सत्र और साक्षात्कार तैयारी कार्यशालाओं ने विद्यार्थियों को कॉर्पोरेट जगत की अपेक्षाओं के अनुरूप तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कॉलेज गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष डा. गुरदेव सिंह ने कहा कि यह सफलता इस बात का स्पष्ट संकेत है कि हमारा संस्थान विद्यार्थियों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षित और प्रशिक्षित कर रहा है। पुनीत की उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है और हमें उनके उज्ज्वल भविष्य पर पूर्ण विश्वास है।

वित्त सचिव आलोक गुप्ता ने कहा कि कॉलेज प्रशासन सदैव विद्यार्थियों को सर्वश्रेष्ठ अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पुनीत की यह उपलब्धि हमारे संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता और विद्यार्थियों की प्रतिभा का प्रमाण है।